प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वीर बाल दिवस के मौके पर महाराजगंज की सांची अग्रवाल समेत 17 बच्चों को प्रदान किये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार : प्रदेशभर में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वर्चुअली प्रदेश के 29 हजार ग्रामवासियों समेत देश के 50 लाख से ज्यादा ग्रामीणों को वितरित करेंगे स्वामित्व संपत्ति कार्ड।
3. महाकुंभ मेले में आज श्रीपंच अग्नि अखाड़े का हुआ छावनी प्रवेश : नागा संन्यासियों ने युद्ध कला का प्रदर्शन कर लोगों को किया रोमांचित।

और

4. प्रदेश में कल से बदलेगा मौसम : बारिश को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये आरेंज अलर्ट और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये येलो अलर्ट जारी।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वीर बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में महाराजगंज की कक्षा तीन की छात्रा सांची अग्रवाल समेत 17 बच्चों को सात श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर

पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आप सब बच्चों ने असाधारण काम किये हैं, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं। आपके पास असीमित क्षमताएं हैं और अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने कहा कि आपने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। बाइट......

*अपने देश के बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। किसी ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहादुरी के साथ लोगों की जान बचाई। किसी ने मेडिकल कंडीशन के बावजूद दिव्यांगजनों की सहायता के लिए कार्य किए हैं। किसी ने खेलकूद अथवा कला के क्षेत्र में असाधारण व्यवधान दिया है, तो किसी ने देशप्रेम का आदर्श प्रस्तुत किया है। देश प्रेम की भावना ही बच्चों को और राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने के मार्ग पर ले जाती है।*

प्रदेश के महाराजगंज की 8 वर्षीय सांची को शास्त्रीय नृत्य और संस्कृत श्लोक का पाठ करने के लिए कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांची अग्रवाल के पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। इस उपलब्धि पर सांची ने कहा कि उन्हें पहले भी विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया गया है। बाइट......सांची

*मैंने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब जीता है, जिसके लिए मुझे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने मुझे सम्मानित किया है। मैंने वन मिनट में .और वन मिनट में 13 संस्कृत श्लोक को बोले है। मैं अयोध्या राम मंदिर ओपनिंग*

*सेरेमनी में गयी थी। मुझे संस्कृति विभाग द्वारा बुलाया गया था। वहाँ पे मुझे सम्मानित भी किया गया था।*

**वीर बाल दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। उन्होंने कहा कि सिख गुरूओं ने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित–संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। बाइट..... मुख्यमंत्री**

*गुरु नानक देव जी से लेकर के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक चार  साहिबजादों से लेकर के पंच प्यारों तक सिख गुरुओं का पूरा इतिहास देश और धर्म के लिए शहादत का इतिहास है और ये इस बात के लिए हम सबको प्रेरित करता है कि इतिहास केवल एक कौम का नहीं है इस देश का इतिहास है एक नई प्रेरणा है पूरे भारत वासियों के लिए।*

**इस दौरान ऐतिहासिक समागम और 11 हजार सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। वहीं अमरोहा में आज सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबज़ादों ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत पर वीर बाल दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। उधर, औरैया में भी गुरूग्रंथ साहेब का पाठ किया गया।**

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 50 लाख से ज्यादा स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के 29 हजार ग्रामवासियों समेत 10 राज्यों और जम्मू कश्मीर व लद्दाख के लगभग 46 हज़ार गांवों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दो करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार करना और एक ही दिन में 50 लाख से अधिक कार्ड वितरित करना बड़ी उपलब्धि होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री चयनित लाभार्थियो के साथ बातचीत भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अपने सरकारी आवास से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने योजना के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। बाइट....

*मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का उत्तर प्रदेश के पच्चीस करोड़ लोगों की तरफ से हृदय से आभार भी प्रकट करता हूं। कल माननीय प्रधानमंत्री जी अपने हाथों से इस योजना को पूरे देश में लागू करने वाले हैं जो कि उत्तर प्रदेश में चौहत्तर जनपदों में और उन्नतीस हजार ग्रामवासियों के मोबाइल पर सीधे उनके लिंक मैसेज आएगा जिससे वो अपने घर की घरौनी को स्वामित्व योजना के तहत पा सकेंगे।*

वहीं प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रदेश के जल शक्तिमंत्री स्वतंत्रदेव सिंह द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया जाएगा, जबकि सुल्तानपुर में आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह

दयाल, द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बदायूं के लाभार्थी भी वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उत्तर प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार 244 पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षा आज से शुरु हो गई है । इसमें लिखित परीक्षा के बाद जारी कटऑफ सूची में चयनित करीब 1 लाख 74 हजार 316 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, दो रंगीन फोटो, समस्त मूल दस्तावेज, और स्वहस्ताक्षरित फोटो कॉपी साथ लाएं। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी की निगरानी में सभी गतिविधियां

आयोजित होंगो। शारीरिक परीक्षा और अभिलेखों की जांच 3 जनवरी तक होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा आज रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बदायूं में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती–2023 में अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

——————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बाइस दिसंबर को आयोजित पीसीएस. 2024 प्रारंम्भिक परीक्षा की उत्तर कुंजी कल जारी कर दी। आयोग की वेबसाइट पर अपलोडकी गयी उत्तर कुंजी तीस दिसंबर तक उपलब्ध रहेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग केपरीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पाण्डेय के मुताबिक अभ्यर्थी प्रश्न पत्र की बारकोड संख्या के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। उत्तर कुंजी में प्रश्नों के नीचे सही उत्तर को हाईलाईट और अंडरलाइन किया गया है।

——————————

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में आज श्रीपंच अग्नि अखाड़े का छावनी प्रवेश यानी पेशवाई हुई। पेशवाई

में कई राज्यों से आए करीब एक हजार साधु–संतों महाकुंभ मेले में प्रवेश किया। पेश है एक रिपोर्ट.........

*महाकुंभ 2025 की भव्यता प्रयागराज में दिखनी शुरू हो गई है। महाकुंभ मेले की सनातनी परंपरा के तहत साधु संत छावनी प्रवेश करते है। इसी क्रम में आज गुरुवार को महाकुंभ में सन्यासी परंपरा के अखाड़े श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई निकाल कर मेला छावनी में प्रवेश किया। अग्नि अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी रामकृष्णा नंद की अगुवाई में पेशवाई प्रयागराज के चौफटका स्थित अनंत माधव मंदिर से शुरू होकर कुंभ मेला क्षेत्र में अखाड़ा की छावनी में समाप्त हुई। पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ निकली श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई देखते ही बन रही थी। इस दौरान नागा संन्यासियों ने युद्ध कला का प्रदर्शन भी किया। बता दे कि इससे पहले कुंभ मेला क्षेत्र में जूना, आवाहन, और किन्नर अखाड़े ने छावनी प्रवेश किया। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, कुंभनगर प्रयागराज।*

——————————

प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर हो रही तैयारियों के मद्देनजर आज लखनऊ मण्डल कमिशनर रौशन जैकब और आईजी जोन प्रशांत कुमार रायबरेली पहुंचे। मंडलायुक्त और आईजी ने पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्लूडी, पंचायत राज विभाग और सिंचाई विभाग के अफसरों के साथ पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में बैठक की। इस दौरान रायबरेली से होकर प्रयागराज जाने वाले कुम्भ यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

——————————

मौसम विभाग ने कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए गरज चमक के साथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है साथ ही कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना जताई ह। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ मौसम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की अत्यधिक सक्रियता के कारण प्रदेश के मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेंगे।

(समाप्त)